सादुल्लाहनगर में सरकारी भूमि को जिला प्रशासन ने भू माफिया से लिया वापस

जय क्रांति के संस्थापक/अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी का जताया आभार

तेजयुग न्यूज़/टी.बी. लाल

बलरामपुर: पूर्व समाजवादी पार्टी विधायक और सरकार द्वारा घोषित भू माफिया अनवर हाशमी की मुश्किलें बढ़नी शुरू हो गई है। तेज तर्रार और ईमानदार जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने आरिफ अनवर हाशमी और उनके परिवार द्वारा कूटरचित तरीके से सरकारी जमीन को अपने नाम कराने के घोटाले पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

इसके पूर्व जिला प्रशासन आरिफ अनवर हाशमी की 150 करोड़ से अधिक संपत्ति की कुर्की /सीज करने की कार्यवाही कर चुका है। अभी भी बचे अवैध रूप से कब्जा, गए सरकारी जमीन के कुछ मामले में जिलाधिकारी की निगाह टेढ़ी हो गई है।जिलाधिकारी ने स्वत संज्ञान लेते हुए गाटा संख्या 1471 गड्ढे की भूमि जो आरिफ अनवर हाशमी के नाम कूटराचित तरीके से दर्ज किए गए थे उस मामले की गोपनीय जांच कराई तो मामला सही पाया गया। जांच में पाया गया कि आरिफ अनवर हाशमी ने वर्ष 1979 में बाले पुत्र राम नारायन से 10 बिस्वा जमीन बैनामा लिया गया था। बैनामा ली गई जमीन में से साढ़े चार बिस्वा रकबा को आरिफ अनवर हाशमी द्वारा नाली में दर्ज करा दिया गया और खाद गडढे के लिए सुरक्षित जमीन गाटा संख्या 1471 की जमीन रकबा 10 बिस्वा को अपने नाम दर्ज कराकर खतौनी बनवा लिया। अभिलेखों को खंगालने पर पाया गया कि आरिफ अनवर हाशमी पुत्र अब्दुल गफ्फार हाशमी ने चकबन्दी अधिनियम 1953 की धारा 42-क में दिए गये प्राविधानों को दरकिनार करते हुए गलत तरीके से सार्वजनिक प्रयोजन की खाद गड्ढे की जमीन को अपने दर्ज कराकर खतौनी बनवा ली है।गोपनीय जांच एवं साक्ष्यों के आधार पर जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने भूमाफियाओं के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने का आदेश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को दिया।

जिलाधिकारी अरविंद सिंह के आने के बाद इतनी दहशत हुई कि रातों रात कुर्क की गई संपत्तियों की निगरानी अधिकारी भी करने लगे और जो लोग कुर्क /सीज की गई संपत्ति का उपयोग कर रहे थे वह भी भाग खड़े हुए। जिलाधिकारी के इस कार्यवाही से जय क्रांति के संस्थापक अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा जिला प्रशासन का यह कदम अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने 29 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री को दो पत्र दिया था जिसमे कहा गया था कि ग्राम सादुल्लाहनगर में गाटा संख्या 1428/1.20एकड़ व गाटा संख्या1433 आकार पत्र 41व 45 में नवीन परती खाते की शासकीय संपति के रूप में दर्ज थी।ग्राम सादुल्लाहनगर के सरकार द्वारा घोषित भू माफिया पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी,जिला पंचायत सदस्य मारूफ अनवर हाशमी ,ग्राम प्रधान निजामुद्दीन हाशमी, अकलीम लेखपाल, आबिद अनवर हाशमी व फरीद अनवर हाशमी जिनका कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का संगठित गिरोह है,इन लोगों ने फर्जी अभिलेख तैयार कर आरिफ अनवर हाशमी ने अपने निजी संस्था के नाम करवा लिया। ताज्जुब की बात यह है कि आदेश किए गए अभिलेख में नवैयत परिवर्तन संबंधी जो आदेश खतौनी में दर्ज है उसमे न तो किसी वाद का और न ही किसी धारा का उल्लेख किया गया है।

मुख्यमंत्री को दिए दूसरे पत्र में सादुल्लाहनगर के ही गाटा संख्या 1471/0.040 हे0जो चकबंदी के समय से ही अभिलेख 41व 45 में खाद गड्ढा दर्ज था उसको आरिफ अनवर हाशमी,निजामुद्दीन हाशमी व मारूफ अनवर हाशमी पुत्रगण अब्दुल गफ्फार हाशमी कूट रचित अभिलेख तैयार कर जमीन अपने नाम करा लिया है।प्रार्थना पत्र में प्रकरण की जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने का अनुरोध किया था। जिलाधिकारी ने दोनों में से एक प्रकरण 1471/0.040 है जो चकबंदी के समय से ही अभिलेख 41व 45 में खाद गड्ढा दर्ज था ,का स्वत संज्ञान लेकर आरिफ अनवर हाशमी एवं अन्य के नाम दर्ज भूमि को वापस राजस्व भूमि के रूप में दर्ज कर लिया है।

अनिल श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी महोदय से अनुरोध किया है कि दूसरे प्रकरण का भी संज्ञान लेकर कार्यवाही करें तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही करें। जय क्रांति के संस्थापक/अध्यक्ष ने जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा की गई कार्यवाही पर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि खाद के गड्ढे की जमीन तो सरकार को वापस मिल गई लेकिन जिन लोगों ने यह काम किया उनके विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही होनी चाहिए ।इसी प्रकार गाटा संख्या 1428/1.20 एकड़ व गाटा संख्या 1433 जो नवीन परती खाते में दर्ज है और इसको भी अभिलेख के सहारे आरिफ अनवर हाशमी ने अपने निजी संस्था के नाम करा लिया है इस पर भी कठोर कार्यवाही करने का जिलाधिकारी से अनुरोध किया है।

रायबरेली में पकड़ा गया गांजे का खेप

लखनऊ एसटीएफ व एसओजी और ऊंचाहार पुलिस के संयुक्त आपरेशन में मिली कामयाबी

तेजयुग न्यूज

ऊंचाहार/रायबरेली : लखनऊ एसटीएफ और ऊंचाहार पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी की बड़ी खेप बरामद की है । पुलिस ने करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए कीमत का तकरीबन नौ क्विंटल गांजा बरामद किया है। सारा गांजा ऊंचाहार थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है, जो विक्री हेतु तस्करी करके लाया गया है।

पुलिस की इस सफलता ने नशे के कारोबार का क्षेत्र में फैले जाल का बड़ा सनसनीखेज खुलासा किया है। इससे यह प्रतीत होता है कि ऊंचाहार पूरा क्षेत्र नशे के कारोबारी के जद में है, और क्षेत्र की युवा पीढ़ी बुरी तरफ नशे की गिरफ्तार में है । एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने यह कार्रवाई अपने मुखबिरों से मिली से सूचना के आधार पर की है । जिसमें एसओजी और ऊंचाहार पुलिस की मदद ली गई है। लखनऊ से आई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक राजवीर सिंह गौर कर रहे थे। टीम ने पहले क्षेत्र के चौबेपुर निवासी दिनेश सिंह को दबोचा था । उसके बाद उसने नशे के पूरे कारोबार का खुलासा कर दिया । उसके बताए अनुसार पुलिस फोर्स ने चौबेपुर गांव से बाहर खेत में बनी एक ट्यूबवेल की कोठरी से कुल आठ क्विंटल 79 किलो 35 ग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी बाजार में कीमत पांच करोड़ चालीस लाख रुपए बताई जाती है । उसने पुलिस से बताया कि यह गांजा उसने उड़ीसा प्रांत से खरीदा था। उसकी गैंग में ऊंचाहार थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी प्रकाश पटेल , महराजगंज थाना क्षेत्र के गांव दुसौती गांव निवासी ऋषभ सिंह और अमर बहादुर उर्फ बबलू शामिल है। चारों लोग गांजा की आपूर्ति विभिन्न क्षेत्रों ने करते रहे हैं। पुलिस अन्य तीनों लोगों की तलाश कर रही है।

गांजा तस्कर सहित साढ़े पांच करोड़ कीमत का गांजा बरामद

गिरफ्तार किए गए दिनेश सिंह को ऊंचाहार पुलिस ने जेल भेजा है । इस आपरेशन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ के निरीक्षक विवेक कुमार यादव समेत कुल आठ लोग , एसओजी रायबरेली टीम के निरीक्षक अजय राय समेत कुल सात लोग तथा ऊंचाहार पुलिस के तीन लोग शामिल थे। इस प्रकार इस आपरेशन में कुल 18 लोगों की पुलिस टीम लगी हुई थी । ऊंचाहार कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक आपरेशन में करीब नौ कुंतल गांजा बरामद करके एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसके तीन अन्य साथी फरार है।

छुट्टा जानवर की चपेट में आने से 19 वर्षीय बाईक सवार की मौत

अयोध्या : जनपद के थाना पूराकलंदर क्षेत्र अंतर्गत गोहनिया निवासी बाईक सवार 19 वर्षीय चंद्रशेखर पुत्र करमराज की सोहावल मसौधा संपर्क मार्ग खैपुर सरियावां के सामने अचानक छुट्टा जानवरो की चपेट मे आने से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणो की मदद से इलाज के लिए जिलास्पताल ले जाये जाने पर मौजूद डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक चंद्रशेखर गांव निवासी बसंत गुप्ता को रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट छोडने गया था। वापसी के दौरान सुबह चार बजे खैपुर के पास अचानक जानवरो की झुंड सड़क पर आ जाने से दुर्घटना का शिकार हो गया। युवक की हुई मौत से गांव मे शोक की लहर फैल गयी। इस बाबत मे थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने सड़क दुर्घटना मे घायल की मौत होने की जानकारी से इनकार किया हैं।

विद्युत उपकेन्द्र की भूमि पर भूमाफियाओं का कब्ज़ा

तेजयुग न्यूज

ऊंचाहार/रायबरेली : नगर के विद्युत उपकेन्द्र की भूमि अधिकारियों की अनदेखी के चलते भूमाफियाओं ने कब्ज़ा करके भवन निर्माण करवा लिया। मामले में शिक़ायत के बाद पैमाईश हुई तो खुलासा हुआ लेकिन भू-माफियाओं और अधिकारियों की सांठ गांठ के चलते मामले को दबा दिया गया।

विद्युत उपकेन्द्र की भूमि गाटा संख्या 3732, 3733, 3734, 3735 क, 3736 क, 3737 क जिसका रकबा करीब ढ़ाई बीघे से अधिक है। विभाग के चीफ इंजीनियर यूपी स्टेट इलेक्ट्रिसिटी के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। भूमि नगर क्षेत्र में होने के चलते बेश कीमती है। इस भूमि के आधे से ज़्यादा रकबे पर कब्ज़ा कर लिया गया। इतना ही नहीं इसपर दो से तीन मंजिला इमारत भी खड़ी हो गई। करीब ढाई साल पहले मामले की शिक़ायत हुई तो राजस्व विभाग हरकत में आया। तत्कालीन एसडीएम कहना था कि पावर कॉरपोरेशन की भूमि पर नौ लोगों का कब्जा पाया गया है। बीजेपी नेता के क़रीबी समेत बिजली विभाग के धुरंधर अधिकारी के एक क़रीबी का भी कब्ज़ा है। इसकी जानकारी कब्जादारों को हुई तो अपने अपने आकाओं से मदद तलब क़िया। परिणाम स्वरूप सांठ-गांठ का खेल शुरु हो गया। उनके आकाओं के हस्तक्षेप के बाद राजस्व व बिजली विभाग अधिकारियों ने भी मामले में कोई रुचि नहीं दिखाई और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

क़रीब छह माह पूर्व एक बार फिर मामले ने तूल पकड़ा तो एसडीम सिद्धार्थ चौधरी ने अधिशाषी अभियन्ता धीरेन्द्र सिंह से मामले की तफसील जानने के लिए फाइल तलब की लेकिन तब से अब तक न ही उन्हें फाइल मिली और न ही मामले की तफसील मिली है। दोनों अधिकारियों के बीच में ही मामला रफा दफा होता नजर आ रहा है। सवाल है कि आखिर कहां दफन हो गई करोड़ों क़ीमत भूमि पर किए गए कब्जे की पैमाईश वाली फाइल? क्या महकमे का दबाव या या बेच दिया ईमान?

एसडीम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा यदि ऐसे किसी भी मामले की शिक़ायत या जानकारी मिलती है तो कार्यवाही की जायेगी। उधर अधिशाषी अभियंता धीरेन्द्र सिंह का कहना है कि पॉवर कॉर्पोरेशन की भूमि पर किसी प्रकार का कोई कब्ज़ा नहीं है।

राजकीय इंटर कालेज उतरौला में विज्ञान प्रयोगशाला न होने से दूसरे विद्यालय में जाती है विज्ञान प्रैक्टिकल करने

आलोक गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर) : जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या अधिकारियों की लापरवाही इसका दंश जनपद की मेघावी बालिकाओं को झेलना पड़ रहा है। कई बार समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद भी अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगता। मामला राजकीय बालिका इंटर कालेज उतरौला का है जहां की करीब डेढ़ सौ छात्राओ को विज्ञान विषय में प्रयोग सीखने के लिए दूसरे विधालय में जाना पड़ता है। इस विधालय में 20 वर्ष पूर्व से अध्यापन शुरू होने के बावजूद भी छात्राओं के लिए विज्ञान विषय की प्रयोगशाला भवन का निर्माण नहीं हो सका।

बताते चलें कि जनपद की सबसे पुरानी तहसील उतरौला मुख्यालय पर एक मात्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुराने तहसील भवन में चल रहा है। तहसील भवन 1875 का निर्मित होने के बावजूद भी इसमें नये भवन का निर्माण न होने से धीरे धीरे भवन खण्डहर सा हो गया। करीब तीस वर्ष पहले तहसील का स्थानांतरण नवनिर्मित भवन में होने पर प्रशासन ने इस पुराने भवन में राजकीय बालिका इण्टर कालेज उतरौला का संचालन शुरू किया। इस समय इस विधालय में करीब पांच सौ छात्राएं पढ़ती है। इसमें विज्ञान विषय की हाई स्कूल व इण्टर कक्षाओं की 150 छात्राएं पढ़ती है। परन्तु विज्ञान विषय के प्रयोगशाला के लिए भवन नहीं है। विज्ञान प्रयोगशाला के लिए भवन न होने से शासन से प्रतिवर्ष आने वाले प्रयोगशाला उपकरण को एक छोटे से कमरे (गोदाम) में रख दिया जाता है। विज्ञान प्रयोगशाला न होने से छात्राओं को अध्यापक प्रयोगात्मक शिक्षा से प्रशिक्षित नहीं कर पाते हैं। शिक्षा विभाग ने बालिकाओं की समस्याओं को देखते हुए नगर के मोहम्मद युसुफ उस्मानी इण्टर कालेज उतरौला के विज्ञान प्रयोगशाला में हर माह भेजा जाता है। वहां पर किसी तरह छात्राएं साइंस व जीव विज्ञान विषय की प्रयोगशाला से प्रशिक्षित हो पाती है। बताते चलें कि बोर्ड परीक्षा में विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा में छात्राओं को उत्तीर्ण होने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधालय में भवन निर्माण न होने का मुख्य कारण पुरानी तहसील की भूमि व भवन का हस्तांतरण शिक्षा विभाग को बीसों वर्ष में न किया जाना है। इस संबंध में विधायक राम प्रताप वर्मा ने बताया कि भवन व भूमि को तहसील के राजस्व विभाग से शिक्षा विभाग को हस्तानांतरण की प्रक्रिया जिलाधिकारी के सामने कार्यवाही हेतु विचाराधीन है। जल्द ही उनकी संस्तुति मिल जाएगी? और उसके बाद शासन को भेजा जाएगा।

अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी : अपर जिला जज/सचिव

हापुड़/अनुज चौधरी : माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार, जिला कारागार में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों को रिहाई किये जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की अध्यक्षता में आज अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के समस्त सदस्यगण के साथ मोनीट्रीरिंग सेल बैठक एवं पीड़िता क्षतिपूर्ति कमेटी की बैठक आहूत की गयी। बैठक का संचालन श्रीमती छाया शर्मा अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा किया गया। उक्त बैठक में श्रीमती छाया शर्मा अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा बताया गया कि आयोजित की गयी बैठक में ऐसे विचाराधीन बंदी, जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है, लेकिन अभी तक जिला कारागार से रिहा नहीं हुए है, को रिहा किये जाने हेतु विचार किया गया। उक्त बैठक में समझौता योग्य अपराध, धारा 108, 116 दं0प्र0सं0, ऐसी बंदी, जो बीमार है, महिला अपराधियों, ऐसे बंदी, जिनको धारा 436 ए दं0प्र0सं0 का लाभ दिया जा सकता है आदि पर विचार-विमर्श किया गया।

तालाब में डूब कर दो मासूम बच्चों की मौत परिवार में मचा कोहराम

तेजयुग न्यूज/अनुज चौधरी

हापुड़ : ननिहाल आए दोनों नौनिहाल मासूमों की तालाब में डूब कर हुई मौत से परिवार में छाया मातम सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव वैट में अपनी ननिहाल में आए दो नौनिहाल मासूमों की तालाब में डूब कर हुई दर्दनाक मौत से गांव में मचा हड़कंप।

परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल। आपको बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव वैट निवासी आस मौहम्मद की बेटी गुलिस्ता गोदी सलाई से। अपनी 8 वर्षीय बेटी इल्मा पुत्री नन्हे के साथ अपने मायके गांव बैठ में आई हुई है। और दूसरी बेटी साजिदा अपने पति साजिद के सऊदी अरब में रहने के चलते अपने मायके में ही घर पर थी। जिसमे गुलिस्ता की बेटी इल्मा पुत्री नन्हे 8 वर्ष और साजिदा का बेटा अरहान पुत्र साजिद 5 वर्ष दोनों बहनों के बच्चे खेलते हुए ननिहाल में स्थित तालाब के पास पहुंच गए। जिसके चलते पैर फिसलने पर दोनों नौनिहाल बच्चों की तालाब में डूब कर दर्दनाक मौत हो गई। दोनों बच्चों के डूबने की खबर गांव में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई।

लोगों ने आनंन-फानन में दोनों बच्चों के शव को तालाब से तलाश कर बाहर निकाला। दोनों बच्चों के शवों को देखकर पीड़ित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही गांव में हुई इस हृदय दर्द विदारक घटना को लेकर गांव में मातम का माहौल है। और इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को इस दुख को सहन करने की अल्लाह ताला से दुआ करते हुए सांत्वना देने वालों का ताता लगा हुआ। कारी अब्दुल्ला त्यागी किसान नेता को सूचना मिलते ही तालाब पर पहुंचे बच्चों को तालाब से बाहर निकलवाने में मदद की फिर पीड़ित परिवार के घर पहुंचे।

संदिग्ध मौत में तीन नामजद एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

तेजयुग न्यूज

अयोध्या : पूरा कलन्दर थाना क्षेत्र के मंगलवार को दिन दहाड़े सुचित्तागंज मसौधा मार्ग पर मोइया कपूर गांव के पास मंगलवार को खून से लथपथ भिखारी पुर गांव निवासी युवक दलित सुनील के मिले शव और संदिग्ध मौत मामले में पूरा कलंदर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर पड़ताल शुरू किया है। मृतक की पत्नी ऊषा देवी की ओर से दी गई तहरीर में पिता दो पुत्र सहित एक अज्ञात युवक गोंडा निवासी को नाम जद किया गया है।

▶▶ शव पोस्टमार्टम से वापस आने के बाद अंत्येष्टि न करने पर अड़ गए और शव को रखकर सड़क जाम करने का प्रयास करने लग

बता दें कि बुधवार शव पोस्टमार्टम से वापस आने के बाद अंत्येष्टि न करने पर अड़ गए और शव को रखकर सड़क जाम करने का प्रयास करने लगे तो भारी संख्या में पाँच थानों की रौनाही, बीकापुर, इनायतनगर, कैन्ट पुलिस मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत व मानमनौव्वल कर जाम लगने से रोकने में सफल हुए। और आरोपियों पर मिली तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। शाम मृतक की अंतेष्ठि कराने के बाद पुलिस ने अपनी हो रही किरकिरी से राहत तो महसूस किया। लेकिन कथित हत्या के मामले को सड़क दुर्घटना बता रही पुलिस को जब नामजद आरोपियों की तहरीर मिली तो हत्या में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

नामजद लोगों में मोइया कपूर पुर मजरे बृजलाल तिवारी पुरवा निवासी दीना नाथ तिवारी, इनके पुत्र सोमू, राहुल, व एक अज्ञात व्यक्ति निवासी गोंडा का बताया गया है। इन पर दौड़ा कर लोहे के रॉड से हमला कर मौत के घाट उतारने का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया आरोपियों पर धारा 302, 506, आई पी सी और दलित उन्मूलन एक्ट के तहद केस पंजीकृत कर सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है अभी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

रमजान में इबादत के साथ-साथ खान पान का भी रक्खे ख्याल

ब्लाक मुख्यालय से नदारद मिले ए.डी.ओ पंचायत, अमानीगंज में ड्यूटी से गैर हाजिर मिले ए.डी.ओ पंचायत मायूस होकर लौटे शिकायतकर्ता

तेजयुग न्यूज

मिल्कीपुर/अयोध्या : जनपद के विकासखण्ड अमानीगंज में ए.डी.ओ पंचायत के गैर हाजिर होने का मामला प्रकाश में आया है, वही शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जब भी प्रार्थना पत्र देने के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर आते हैं तब तब ए.डी.ओ पंचायत की कुर्सी खाली रहती है।

अमानीगंज विकास खण्ड के बकचुना गाँव के निवासी दया नाथ शुक्ल का आरोप है कि नल और नाली के मरम्मत करने की शिकायत लेकर एडीओ पंचायत के पास गये थे लेकिन वहाँ से मायूस हो कर लौटना पड़ा वही ब्लॉक मुख्यालय के कर्मचारियों का कहना है कि आए दिन ए.डी.ओ पंचायत सिद्धार्थ शंकर पांडे के द्वारा बगैर छुट्टी लिए लखनऊ की ओर प्रस्थान करते रहते हैं जबकि शासनादेश के मुताबिक सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक ड्यूटी रहती है। और इस समय सरकार द्वारा निर्देश दिया गया है कि अधिकारी व कर्मचारियों को छुट्टी नहीं दी जाएगी

फिर भी ए.डी.ओ पंचायत अमानीगंज शासनादेश को ताक पर रखकर लगातार लखनऊ रवाना हो रहे हैं। शिकायतकर्ता के फोन करने पर ए.डी.ओ पंचायत सिद्धार्थ शंकर पांडे ने बताया अभी हम क्षेत्र में हैं फिर किसी दिन मुलाकात करेंगे जबकि शिकायतकर्ता ने ए.डी.ओ पंचायत के आवास पर जाकर देखा तो कमरे से बाहर निकल कर गाड़ी में बैठे और सूत्रों की माने तो लखनऊ के लिए रवाना हो गए जिसका जीता जागता वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पत्रकारों के साथ मारपीट के विरोध में राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा

तेजयुग न्यूज

कानपुर: भारत की एकमात्र पत्रकार हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली संस्था ऑल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन/आईरा प्रेस क्लब ने विगत दिनों दिल्ली में आप कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्यवाही में पत्रकार साथियों के साथ हुई अभद्रता व मारपीट की निंदा करते हुए माननीय राष्ट्रपति जी को संबोधित ज्ञापन दिया।

बताते चलें बीते दिनों दिल्ली पुलिस द्वारा आम आदमी पार्टी के द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान कई पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की व मारपीट करने की घटना की गई थी जिसकी सूचना पूरे देश में आग की तरह फैलने के बाद देश के सभी पत्रकार साथियों ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों द्वारा किए गए इस कृत्य की निंदा करना शुरू कर दिया था। वही आईरा प्रेस क्लब ने भी इस घटना का संज्ञान लेकर एक ज्ञापन कानपुर जिलाधिकारी के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को भेजा है । जिसमे दिल्ली की घटना के साथ-साथ बरेली जिलाधिकारी के द्वारा पत्रकारों पर की गई अभद्र टिप्पणी का जिक्र भी किया गया।

राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देते हुए आईरा प्रेस क्लब के कानपुर जिला अध्यक्ष एसपी विनायक ने बताया कि उनकी संस्था सदैव ही पत्रकार हितों के लिए कार्य करती है और आगे भी करती रहेगी दिल्ली पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा सम्मानित पत्रकारों के साथ जो कृत्य किया गया उसकी जितनी निंदा की जाए कम है । वही इस घटना पर आईरा प्रेस क्लब के जिला महामंत्री जहीर खान ने बताया कि दिल्ली पुलिस द्वारा किया गया यह कार्य दिल्ली पुलिस की मानसिकता को दर्शाता है । दिल्ली पुलिस के उच्चतम पद पर बैठे पुलिस अधिकारियों को तुरंत ही घटना का संज्ञान लेकर दोषी पुलिस कर्मियों पर कठौर कार्यवाही करनी चाहिए।